साप्ताहिक

# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761

वर्ष-12, अंक-2
इन्दौर, सोमवार
9 जुलाई 2024
पृष्ठ 8, मूल्य 3 रु.

**चाणक्य नीति**

'जो धैर्यवान नहीं है उसका न वर्तमान और न ही भविष्य'

मुझे वह दौलत नहीं चाहिए जिसके लिए कठोर यातना सहनी पड़े, या सदाचार करना पड़े, या अपने शत्रु की चापलूसी करनी पड़े।

-चाणक्य



प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com




## शंभू बॉर्डर पर किसानों का मार्च शुरू, पुलिस ने रोकने के लिए छोड़े आंसू गैस के गोले

नई दिल्ली (एजेंसी)। पंजाब के 101 किसान रविवार (8 दिसंबर) को दोपहर 12 बजे पैदल शंभू बॉर्डर से दिल्ली के लिए रवाना हुए, लेकिन पुल पर हरियाणा पुलिस ने उन्हें रोक लिया।

करीब पौने 4 घंटे बाद जत्थे को वापस लौटना पड़ा। शुरुआत में पुलिस और किसानों के बीच बहस हुई। इस दौरान हरियाणा पुलिस ने किसानों से दिल्ली जाने का परमिशन लेटर मांगा। उन्होंने कहा कि बिना परमिशन के वह दिल्ली नहीं जा सकते। इसके बाद किसानों ने बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश की। इस पर हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े, जिसमें 7-8 किसान घायल हुए। इसके साथ किसानों पर पानी की बौछार भी की गई। हालांकि इस बीच हरियाणा पुलिस ने किसानों पर फूल भी बरसाए। किसान नेता सरवन पंधेर के मुताबिक एक किसान की हालत गंभीर है। उसे चंडीगढ़ क्लद्ध रेफर किया गया है। ऐसे में जत्थे को वापस बुलाने का फैसला लिया गया। उन्होंने कहा कि कल दोनों फोरम फैसला करेंगे कि आगे कब जाना है। किसान केंद्र सरकार से फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) की गारंटी के कानून समेत 13 मांगें कर रहे हैं। इससे पहले 6 दिसंबर को भी किसानों ने दिल्ली कूच करने की कोशिश की थी, लेकिन हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे, जिसमें 8 किसान घायल हो गए। इसके बाद पंधेर ने किसानों को वापस बुला लिया।

### पुलिस मांग रही किसानों के पहचान पत्र

किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च को लेकर पंजाब-हरियाणा शंभू सीमा पर तैनात हरियाणा पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि हम पहले उनकी (किसानों की) पहचान करेंगे और फिर उन्हें आगे जाने देंगे। हमारे पास 101 किसानों के नामों की सूची है, और वे वे लोग नहीं हैं। वे हमें अपनी पहचान नहीं करने दे रहे हैं, वे एक भीड़ के रूप में आगे बढ़ रहे हैं।

### पुलिस ने छोड़े आंसू गैंस के गोले

पंजाब-हरियाणा शंभू सीमा पर किसानों के प्रदर्शन को तितर-बितर करने और 'दिल्ली चलो' मार्च शुरू करने की कोशिश कर रहे किसानों पर पुलिस द्वारा आंसू गैस के गोले दागे गए। इसके चलते किसान फिलहाल ठहर से गए हैं।

### किसानों की हुई पुलिस अधिकारियों की बहस

पंजाब-हरियाणा शंभू बॉर्डर पर पुलिस और प्रदर्शनकारी किसानों के बीच बहस हुई। पुलिस का कहना है कि उनके पास (किसानों के पास) दिल्ली की ओर जाने की अनुमति नहीं है, जबकि किसान पुलिस से अनुमति पत्र मांग रहे हैं जो उन्हें (पुलिस को) पंजाब की सीमा में प्रवेश करने की अनुमति देता है।

### दिल्ली जाने की अनुमति की गारंटी दें पुलिसवाले

शंभू बॉर्डर पर एक प्रदर्शनकारी किसान ने कहा KF पुलिस पहचान पत्र मांग रही है, लेकिन उन्हें गारंटी देनी चाहिए कि वे हमें दिल्ली जाने देंगे। वे कहते हैं कि दिल्ली जाने की अनुमति नहीं है, फिर हम पहचान पत्र क्यों दें। हम पहचान पत्र देंगे, अगर वे हमें दिल्ली जाने की इजाजत देते हैं।

**कनाडा में 1984 के सिख विरोधी दंगों को**

## नरसंहार बताने की कोशिश में विफल रही खालिस्तानी लॉबी

**ओटावा/नई दिल्ली (एजेंसी)।** खालिस्तानी अलगाववादी एवं पूर्व मंत्री जगमीत सिंह के नेतृत्व वाली कनाडा की न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) 1984 के सिख विरोधी दंगों को नरसंहार के रूप में मान्यता दिलाने के अपने प्रयास में विफल रही। इस प्रस्ताव का लिबरल सांसद चंद्र आर्य से हाउस ऑफ कॉमन्स में कड़ा विरोध किया। प्रस्ताव एनडीपी सांसद सुख धालीवाल द्वारा पेश किया गया था। श्री आर्य ने कहा कि प्रस्ताव राजनीतिक रूप से शक्तिशाली खालिस्तानी लॉबी द्वारा संचालित किया गया है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार श्री आर्य इस प्रस्ताव का विरोध करने वाले एकमात्र सांसद थे। इस प्रस्ताव को पारित होने के लिए सर्वसम्मति की आवश्यकता थी। श्री आर्य ने अपने फैसले के बारे में बताया, सरे-न्यूटन के सांसद ने भारत में सिखों के खिलाफ 1984 के दंगों को नरसंहार घोषित करने के लिए सर्वसम्मति मांगी थी। उन्होंने कहा, ÷यह पहली बार नहीं है, जब मुझे हिंदू-कनाडाई लोगों के लिए अपनी चिंताओं को दबाने के प्रयासों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने विभाजनकारी एजेंडे के खिलाफ सतर्कता बरतने का आह्वान किया।

**मिड डे मील का खाना**

## खाने से 1 छात्रा की मौत, 5 की हालत गंभीर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

उत्तर प्रदेश के जालौन से एक हैरान करने वाली खबर सामने आ रही है। बासी खाना खाने से 1 छात्रा की मौत हो गई है। साथ ही कई छात्राओं की हालक गंभीर बताई जा रही है। छात्राओं को अस्पताल में भर्ती किया गया है। मगर इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। खबरों की मानें तो 2 छात्राओं की हालात काफी नाजुक है।



### इलाज के दौरान छात्रा की मौत

यह मामला जालौन के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का है। स्कूल में 5 छात्राओं को मिड डे मील परोसा गया था। खाने की थाली में दाल-चावल, लौकी की सब्जी, रोटी और खीर मौजूद थी। सभी छात्राओं ने बेहद चाव से खाना खाया। मगर खाने के फौरन बाद छात्राओं की हालत बिगड़ने लगी। छात्राओं को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान एक छात्रा ने दम तोड़ दिया।

## इक्वाडोर में बस-कार की टक्कर से 16 लोगों की मौत

**क्विटो (एजेंसी)।** दक्षिणी इक्वाडोर में एक बस के कार से टकरा जाने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गयी और आठ अन्य घायल हो गए। प्रिमिसियास अखबार ने आपातकालीन सेवा के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक दुर्घटना लोजा और कैटामायो शहर को जोड़ने वाले राजमार्ग पर हुई , जहां कार से टक्कर होने के बाद बस पलट गयी। घायलों में से कुछ की हालत गंभीर है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**राहुल गांधी का GST को लेकर केंद्र पर हमला, बोले-**

## मोदी सरकार ला रही नया टैक्स स्लैब

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस सांसद ने कहा मोदी सरकार जीएसटी में बड़ा परिवर्तन करने जा रही है। सरकार एक और टैक्स स्लैब ला रही है।

जिसके जरिए आम लोगों को लूटा जाएगा और पूंजीपतियों को छूट दी जाएगी।

एक तरफ कॉरपोरेट टैक्स के जरिए इनकम टैक्स बढ़ रहा है। दूसरी ओर मोदी सरकार गब्बर सिंह टैक्स से और ज्यादा वसूली की तैयारी कर रही है। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा सुनने में आ रहा है कि जीएसटी से लगातार



बढ़ती वसूली के बीच सरकार एक नया टैक्स स्लैब पेश करने जा रही है। आपकी जरूरत की चीजों पर जीएसटी बढ़ाने की योजना है। उन्होंने आगे लिखा जरा सोचिए- अभी, शादियों का सीजन चल रहा है। लोग कब से पाई-पाई जोड़कर पैसे इकट्ठा कर रहे होंगे। सरकार इस बीच 1500 रुपये से ऊपर के कपड़ों पर जीएसटी 12 प्रतिशत से 18 प्रतिशत करने की तैयारी में है।

### सरकार पर दबाव बनाएंगे

कांग्रेस सांसद ने आगे कहा अरबपतियों को टैक्स में छूट देने और उनके बड़े से बड़े कर्ज माफ करने के लिए गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की मेहनत की कमाई को टैक्स द्वारा लूटा जा रहा है। हमारी लड़ाई इसी अन्याय के खिलाफ है। आम लोगों पर पड़ रही टैक्स की मार के खिलाफ हम मजबूती से आवाज उठाएंगे और लूट को रोकने के लिए सरकार पर दबाव बनाएंगे।

## सीरिया में कई शहरों पर विद्रोहियों का कब्जा

### राष्ट्रपति असद ने छोड़ा दमिश्क

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस्लामी गुट हयात तहरीर अल-शाम के नेतृत्व वाले विद्रोही समूहों के गठबंधन ने सीरिया की राजधानी दमिश्क पर कब्जा कर लिया. इसके साथ ही इस पश्चिम एशियाई देश में बशर अल-असद के 24 वर्षों के शासन का अंत हो गया है. राष्ट्रपति असद देश छोड़ चुके हैं. ट्यूनिशिया से 2008 में शुरू हुआ अरब स्प्रिंग तीन साल बाद, 2011 में सीरिया पहुंचा. यहां बशर अल-असद



सरकार के खिलाफ शुरू हुआ विद्रोह देखते-देखते गृह युद्ध में तब्दील हो गया. फिर इस गृह युद्ध में सीरियाई विद्रोही समूहों और चरमपंथी गुटों के अलावा अमेरिका, ईरान और रूस सहित अंतरराष्ट्रीय शक्तियां शामिल हो गईं और यह बहुआयामी संघर्ष में बदल गया. 13 वर्षों तक चले इस गृह युद्ध में 500,000 से अधिक सीरियाई मारे गए और लाखों विस्थापन झेलने को मजबूर हुए.

## पूरी दुनिया कर रही बैलट पेपर का इस्तेमाल

### बोले शरद पवार, हम क्यों EVM से करा रहे चुनाव?


**मुंबई (एजेंसी)।** एनसीपी के संस्थापक शरद पवार ईवीएम को लेकर चल रहे विवाद के बीच सोलापुर के मर्करवाडी पहुंचे. यह वही गांव है, जहां ईवीएम वोटों के खिलाफ एक मॉक-पोल आयोजित की गई थी, जिसमें लोग बैलट से मतदान करना चाहते थे. इससे वे यह सुनिश्चित करने की कोशिश में थे कि एनसीपी (एसपी) के उम्मीदवार को ईवीएम में मिले वोटों से ज्यादा वोट मिले हो सकते हैं, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया था, और ऐसा करने वालों पर मामले दर्ज किए थे. शरद पवार ने मर्करवाडी में कहा कि पिछले दो-तीन दिनों से देख रहा हूं कि संसद में मर्करवाडी की चर्चा शुरू है. वो बोल रहे हैं कि देश में किसी को पता नहीं चली, लेकिन मर्करवाडी के लोगों को पता चल गई. उन्होंने कहा कि चुनाव में तकरार होती है लेकिन इतनी नहीं. शरद पवार ने अमेरिका और ब्रिटेन का उदाहरण दिया और कहा कि दुनिया के बड़े देशों में बैलट पेपर्स से वोटिंग होती है.



## कट्टरपंथी एजेंडे के चलते हालात बिगड़े, भारत और बांग्लादेश के बीच बढ़ रहा तनाव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शेख हसीना के शासनकाल में भारत और बांग्लादेश के रिश्ते मजबूत रहे थे। दोनों देशों ने व्यापार, सुरक्षा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान में मिलकर काम किया।

हालांकि, शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद कट्टरपंथी दलों ने भारत विरोधी भावनाओं को हवा देना शुरू कर दिया है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के सत्ता से बाहर होने के बाद बांग्लादेश में कट्टरपंथियों का प्रभाव बढ़ा है। कट्टरपंथी विचारधारा वाली पार्टियां, विशेषकर बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी), भारत विरोधी भावनाओं को भड़काने में सक्रिय हैं। बीएनपी के महासचिव रूहुल कबीर रिजवी ने हाल ही में भारत पर



आरोप लगाते हुए एक नया विवाद खड़ा किया। उन्होंने भारत में बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज के कथित अपमान और अगरतला में बांग्लादेश के सहायक उच्चायोग पर हमले की निंदा की। इसके साथ ही उन्होंने भारत में बने उत्पादों का बहिष्कार करने की अपील की और यहां तक कि अपनी पत्नी की भारतीय साड़ी को जलाने का दावा किया। बांग्लादेश में करीब 8% हिंदू आबादी और बड़ी संख्या में शेख हसीना समर्थक अभी भी भारत के साथ सकारात्मक संबंधों के पक्षधर हैं। लेकिन, बीएनपी जैसी पार्टियां भारत विरोधी एजेंडे को आगे बढ़ाकर बांग्लादेश की जनता के बीच विभाजन पैदा करना चाहती हैं। बांग्लादेश तीन तरफ से भारत से घिरा है और उसकी सीमाएं केवल बंगाल की खाड़ी और म्यांमार से लगती हैं। म्यांमार के साथ भी उसके रिश्ते तनावपूर्ण हैं। ऐसे में भारत से दुश्मनी उसके लिए रणनीतिक और आर्थिक दृष्टि से नुकसानदेह हो सकती है। कट्टरपंथियों का भारत विरोधी एजेंडा जनता की वास्तविक जरूरतों से ध्यान भटकाने का एक तरीका है। लेकिन, यह देखना होगा कि बांग्लादेश कब तक इस नफरत के भार को ढो पाता है।

# बैन ड्रग्स के लिए युवाओं में बढ़ती तलब

हाल ही में, एक जांच से पता चला है कि नशीली दवाओं की लत की महामारी, जो ज्यादातर युवा पुरुषों को प्रभावित कर रही है, पूरे भारत में फैल रही है। नशीली दवाओं का दुरुपयोग भारत में एक महत्त्वपूर्ण सामाजिक और स्वास्थ्य मुद्दा है। भारत की विविध आबादी, बड़ी युवा जनसांख्यिकी और आर्थिक असमानताएँ देश में नशीली दवाओं के दुरुपयोग की जटिल प्रकृति में योगदान करती हैं। सांस्कृतिक मूल्यों को बदलना, आर्थिक तनाव में वृद्धि और सहायक सम्बंधों में कमी से पदार्थ का उपयोग शुरू हो रहा है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार 10 से 75 वर्ष की आयु के 16 करोड़ लोग (14.6त्न) शराब के वर्तमान उपयोगकर्ता हैं और उनमें से 5.2त्न शराब पर निर्भर हैं। लगभग 3.1 करोड़ व्यक्ति (2.8%) भांग उपयोगकर्ता हैं और 72 लाख (0.66%) लोग भांग की समस्या से पीड़ित हैं 7त्न बच्चे और किशोर इनहेलेंट का इस्तेमाल करते हैं, जबकि वयस्कों में यह दर 0.58त्न है। लगभग 18 लाख बच्चों को इनहेलेंट के इस्तेमाल के लिए मदद की ज़रूरत है। अनुमान है कि लगभग 8.5 लाख लोग इंजेक्शन के ज़रिए ड्रग्स ले रहे हैं। भारत में ड्रग्स की सबसे चिंताजनक श्रेणी ओपिओइड है, भारत में ओपिओइड के इस्तेमाल का प्रचलन वैश्विक औसत (0.7% बनाम 2.1%) से तीन गुना ज़्यादा है। सभी ड्रग श्रेणियों में, ओपिओइड समूह (विशेष रूप से हेरोइन) की ड्रग्स बीमारी, मृत्यु और विकलांगता की सबसे ज़्यादा दरों से जुड़ी हैं। ड्रग के दुरुपयोग से कई तरह की शारीरिक स्वास्थ्य समस्याएँ हो सकती हैं, जिनमें लीवर की बीमारी (शराब से), संक्रामक रोग (इंजेक्शन ड्रग के इस्तेमाल में सुइयों को साझा करने के कारण) और ओवरडोज़ से होने वाली मौतें शामिल हैं। प्रमुख अफीम उत्पादक क्षेत्रों के करीब भारत की भौगोलिक स्थिति इन दवाओं की आसान उपलब्धता की ओर ले जाती है। इसके अलावा, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अनुसार, अवैध नशीली दवाओं के व्यापार के लिए %डार्क नेट% और क्रिप्टोकरेंसी का उपयोग करने का चलन बढ़ रहा है। भारत में नए साइकोएक्टिव पदार्थों की खपत बढ़ रही है और ये पदार्थ अक्सर मौजूदा दवा नियंत्रण नियमों के दायरे से बाहर हो जाते हैं, जिससे कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए उन्हें प्रभावी ढंग से मॉनिटर और विनियमित करना चुनौती बन जाता है।

व्यापक विधायी नीति तीन केंद्रीय अधिनियमों में निहित है, अर्थात औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940, स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 और स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1988 में अवैध तस्करी की रोकथाम। यह भारत में नशीली दवाओं के कानून प्रवर्तन के लिए नोडल एजेंसी है।

इसकी स्थापना 1986 में देश भर में नशीली दवाओं के कानून प्रवर्तन प्रयासों के समन्वय के लिए की गई थी। नशीली दवाओं के कानून प्रवर्तन में हितधारकों की बहुलता ने वास्तविक समय के आधार पर विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय को आवश्यक बना दिया है। गृह मंत्रालय ने जमीनी स्तर से लेकर शीर्ष स्तर तक देश भर के हितधारकों के बीच समन्वय बढ़ाने और नशीली दवाओं के खतरे से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए चार-स्तरीय समन्वय तंत्र का गठन किया है। शीर्ष एनसीओआरडी, कार्यकारी एनसीओआरडी, राज्य एनसीओआरडी और ज़िला कॉर्ड तंत्र के चार स्तंभ हैं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (एमओएसजेई) नशे की लत के लिए एकीकृत पुनर्वास केंद्रों (आईआरसीए) के रखरखाव के लिए गैर सरकारी संगठनों और स्वैच्छिक संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। ये केंद्र मादक द्रव्यों के सेवन के विकारों वाले व्यक्तियों को व्यापक पुनर्वास सेवाएँ प्रदान करते हैं। एमओएसजेई ने 2018-2025 के लिए एनएपीडीडीआर शुरू किया। योजना का उद्देश्य बहुआयामी रणनीति के माध्यम से नशीली दवाओं के दुरुपयोग के प्रतिकूल परिणामों को कम करना है।

सरकार को सीमा शुल्क, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और राज्य पुलिस बलों सहित नशीली दवाओं के नियंत्रण में शामिल कानून प्रवर्तन एजेंसियों को मज़बूत करने के लिए उपाय करने चाहिए। इसमें उन्हें बेहतर प्रशिक्षण, तकनीक और संसाधन प्रदान करना शामिल हो सकता है। गरीबी, बेरोजगारी और शिक्षा की कमी जैसे सामाजिक-आर्थिक कारक नशीली दवाओं के दुरुपयोग और तस्करी में योगदान कर सकते हैं। इसलिए, सरकार ग़रीबी कम करने के उपायों, रोजगार सर्जन योजनाओं और शिक्षा तक पहुँच बढ़ाकर इन मुद्दों को सम्बोधित कर सकती है। नशीली दवाओं की मांग को कम करने के लिए समुदाय-आधारित रोकथाम कार्यक्रम, शिक्षा और जागरूकता अभियान चलाए जा सकते हैं। नशीली दवाओं के दुरुपयोग से निपटने के लिए एक समग्र और बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है जिसमें रोकथाम, शिक्षा, उपचार, नुक़सान में कमी, नीति सुधार और समुदाय की भागीदारी में वृद्धि शामिल है। भारत में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के प्रभाव को कम करने के लिए सरकारी एजेंसियों, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं, गैर सरकारी संगठनों और समुदाय के बीच सहयोग आवश्यक है।

**- डॉ. सत्यवान सौरभ,**
**कवि,स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार, आकाशवाणी एवं टीवी पेनालिस्ट,**
**333, परी वाटिका, कौशल्या भवन, बड़वा (सिवानी) भिवानी, हरियाणा - 127045,**
**मोबाइल 9466526148, 01255281381**

## भूख



अरे रे रे... किधर बीच सड़क पर आ रहा है! रामशरण ने घबराते हुए स्कूटर के ब्रेक लगाए। एक बच्चा सड़क पर गिरा हुआ था। उसके घुटने से खून बह रहा था, और धीरे-धीरे आसपास दर्शनार्थियों की भीड़ इकट्ठा होने लगी। युगधर्म के इस माहौल में रामशरण को डर लगने लगा कि कहीं भीड़ उसे ही दोषी ठहराकर पीटना न शुरू कर दे।

बिना समय गंवाए, उसने फुर्ती से बच्चे को उठाया और स्कूटर पर बैठाकर वहां से निकल गया। भीड़ को कोई प्रतिक्रिया देने का मौका ही नहीं मिला। रामशरण सीधे पास के एक डॉक्टर की क्लीनिक पर पहुंचा। स्कूटर रोकते हुए उसने डॉक्टर से कहा, इस बच्चे को चोट लगी है। मरहम-पट्टी कर दीजिए।

डॉक्टर ने करीब 15-20 मिनट में पट्टी कर दी। कितने पैसे हुए? रामशरण ने पूछा।

डॉक्टर ने मौके का फायदा उठाने की गरज से कहा, सिर्फ पाँच सौ रुपये। सुनकर रामशरण के होश उड़ गए। उसने मोलभाव की कोशिश की, और आखिरकार मामला चार सौ रुपये पर तय हुआ। पैसे चुकाने के बाद रामशरण बच्चे को उसके घर छोड़ने के लिए स्कूटर पर बैठाकर चल पड़ा।

रास्ते में बच्चे ने कहा, मरहम-पट्टी के लिए चार सौ रुपये देने की क्या जरूरत थी? मम्मी हल्दी लगाकर घाव ठीक कर देती।

उसने आगे कहा, अगर आप मुझे ही सौ रुपये दे देते, तो हमारे परिवार के लिए आज की रोटी का इंतज़ाम हो जाता।

यह सुनकर रामशरण का मन दया से भर आया। उसने अपनी जेब से सौ रुपये निकाले और बच्चे को देते हुए कहा, जाओ, पहले रोटी का इंतज़ाम करो।

बच्चा खुश होकर सौ रुपये का नोट लहराता हुआ अपने घर की ओर दौड़ पड़ा। रामशरण वहीं खड़ा सोचने लगा कि इस दुनिया में असली घाव तो भूख है, जिसका इलाज न हल्दी से होता है और न मरहम-पट्टी से।

**रामचन्द्र धर्मदासानी**
**उज्जैन**
**8989404424**

## लघुकथा

### विभाजन-कार्य



गांव के एक टूटे-फूटे दरवाजे पर जाति जनगणना वाले आकर दरवाजा पीटने लगे. आवाज सुनकर घर का बुजुर्ग बाहर निकला. गणनावालों ने पूछा, जल्दी आपनी जाति बताओ !

बुजुर्ग ने पूछा, जाति जानकर क्या करोगे ? गणनावालों ने कहा, सरकार जाति के आधार पर तुम्हें विशेष सहायता देगी. तुम गरीबी से उबर जाओगे. बुजुर्ग ने कहा, यदि मैं कहूं कि मुझे अपनी जाति पता नहीं है और मैं सिर्फ हाड़-मांस का एक गरीब इंसान हूँ तो सरकार मुझे क्या देगी ?

जाति गणनावाले बगले झाँकने लगे। उनमें एक ने कहा, सिर्फ इंसान होने के आधार पर सहायता करने की कोई भी योजना सरकार के पास नहीं है।

बुजुर्ग ने तैश में आकर कहा, फिर यह कहो न कि तुम्हारी सरकार सहायता के नाम पर हमें धर्म और जातियों में बंटा देखना चाहती है..! तुमलोग इसीलिए आये हो न !?

निरुत्तर गणनावालों ने वहाँ से भागने में ही अपनी भलाई समझी।

**ज्ञानदेव मुकेश**
**301, साईं हारमोनी अपार्टमेंट, न्यू पाटलिपुत्र कॉलोनी, पटना -800013**
**मो. न. 9470200491**

### बागडोर



अरे दीए भाई! तुम उदास क्यों हो? बाती ने ठुमककर पूछा देखो ना दीपावली खतम होते ही मुझे कबाड़ के ढ़ेर पर फेंक दिया ।ये मनुष्य की स्वार्थी नियत इन्हें ही कभी धोखा दे सकती है। हां, दीए भाई जब चारों ओर अंधेरा होगा तब तुम्हारी याद आयेगी। मुझे भी पोलीथीन में भर कर रख दिया है। देखो बाती दीदी इंसान के हम कितने अछे साथी है। उन्हें उजाला और रौनक दोनों प्रदान करते हैं। फिर भी हमारा निरादर करते हैं। तुम दोनों को दुःखी नहीं होना चाहिए।मेरे बिगर उजाला करना तुम्हारे लिए असम्भव है। डिब्बे में बंद तेल ने दोनों की चर्चा को सावधान किया। जिधर से ध्वनि आई दोनों ही आश्चर्य से उधर देखने लगे। मैं पन की वाणी सुनकर माचिस में बैठी तिली ने कहा, मेरे स्पर्श बिना तुम तीनों ही सक्रिय नही हो सकते हो। लेकिन हम सबकी बागडोर किसी और के हाथ में है। तिली की आवाज सुनते घना अंधेरा छा गया।

**अमिता मराठे**
**इंदौर शन**

## कहानी

## नाम





सुनिये जी..हम कैसे लग रहें हैं...हमारी वजह से शैलेश का मज़ाक तो नहीं होगा ना....।। शीशे में खुद को निहारकर अपनी साड़ी का पल्ला ठीक करती हुई सुनंदा जी अपने पति श्रीकांत बाबू से पूछी तो वो हा-हा करके हँसने लगे...फिर उनके कंधे पर अपने दोनों हाथ रखते हुए बोले,। अब इस उम्र में क्या अच्छा लगना और न लगना....वैसे तुम तो हमेशा ही अच्छी लगती हो...ये आसमानी रंग भी तुम पर बहुत खिल रहा है...।।

श्रीकांत बाबू सेवानिवृत अध्यापक थे।अपने रिटायरमेंट से पहले ही उन्होंने बेटी आस्था और बेटे शैलेश की शादी कर दी थी।बस अब वो पत्नी के साथ कभी बेटी से मिलने चले जाते हैं तो कभी बहू के हाथ की चाय पीने मुंबई चले आते।

दस दिन पहले ही दोनों मुंबई आये थे।सबसे मिल लेने और घूमने-फिरने के बाद दोनों वापस जाने वाले थे कि सुनंदा जी पति से बोलीं,। चार दिनों के बाद ही तो शैलेश को ईनाम मिलने का फ़ंक्शन है...देखकर जाते हैं...।। फ़ंक्शन अटेंड करना तो श्रीकांत बाबू भी चाहते थे, इसलिए उन्होंने पत्नी की बात मान ली।आज उसी फ़ंक्शन में जाने के लिये दोनों तैयार हो रहें थें।श्रीकांत बाबू के कहने पर ढ़लती उम्र में भी उनके दोनों कपोल शर्म से गुलाबी हो गये, धीरे-से बोली,। हटिये भी...।। और दोनों कमरे से निकलकर हॉल में आ गयें।

शैलेश अपनी टाई बाँधता हुआ हॉल में आया तो दोनों को तैयार देखकर उसे आश्चर्य हुआ, उसने पूछा,। आप दोनों कहाँ....?।

। तुम्हारी माँ का बहुत मन है...वो तुम्हारे लिये तालियाँ बजती देखना चाहती हैं...।। बेटे के तेवर देखकर श्रीकांत बाबू धीरे-से बोले।तब शैलेश अहंकार-से बोला,। वहाँ आप लोगों का भला क्या काम...आज जिस मुकाम पर मैं पहुँचा हूँ और जो मेरा इतना नाम हो रहा है...ये सब मेरी खुद की मेहनत है..आप लोगों ने क्या किया है जो...।। सुनकर श्रीकांत बाबू चकित रह गए।उन्होंने सोचा नहीं था कि बेटा ऐसा कहेगा..।अपने क्रोध को दबाते हुए वो बोले,। ठीक कहा है बेटा तूने...हमने कुछ नहीं किया है।बस तेरी माँ ने तुझे जनम देने की पीड़ा सही है...बुखार से जब तेरा बदन तपता था, वो रात भर तेरे सिरहाने बैठकर तेरे माथे पर ठंडी पट्टियाँ रखती थी...तुझे गरम-गरम रोटियाँ खिलाने के लिये वो चूल्हे की आँच में अपना हाथ जलाने में एक सुख का आनंद महसूस करती थी...।।


और जिस नाम पर तू इतना इतरा रहा है..वो नाम तुझे तेरे पिता से ही मिला है, ये शायद तू भूल गया है।स्कूल से लेकर अपनी नौकरी-शादी तक में तूने सबसे पहले अपने पिता का नाम लिया है...।इनके नाम के बिना तो तेरी कोई पहचान...।। सुनंदा जी तैश में बोलती जा रहीं थीं।

तभी श्रीकांत बाबू बोले,।बस करो जी...।। वे कमरे में जाकर अपना बैग ले आये और पत्नी से बोले,।फ़ंक्शन देख लिया...अब घर चलो...।। सुनंदा जी का हाथ पकड़कर वो बाहर निकल गये और शैलेश ठगा-सा रह गया।

**विभा गुप्ता**
**बैंगलुरु**

मुद्रा जगत में चल रही अनुचित और लालची प्रवृत्तियों एवं नकली

# सिक्कों पर रोक लगाएं अन्यथा यह पवित्र क्षेत्र लांछित हो जाएगा



इंदौर, । भारतीय मुद्रा जगत की सबसे पुरानी संस्था न्यूमिस्मेटिक सोसायटी आफ इंडिया के मथुरा-वृंदावन में मंगलवार से गुरुवार तक संपन्न हुए 106वें वार्षिक सम्मेलन में शहर के मुद्रा संग्राहक एवं राष्ट्रीय मुद्रा परिषद के संयोजक गिरीश शर्मा 'आदित्य' ने मुद्रा जगत में चल रहा अनुचित और लालची प्रवृत्तियों तथा नकली सिक्कों की भरमार पर चिंता व्यक्त करते हुए सम्मेलन में मौजूद देश के जाने-माने मुद्रा शास्त्री एवं स्कालर्स से पुरजोर शब्दों में आग्रह किया कि यदि शासन और विद्वानों ने इन पर अंकुश नहीं लगाया तो हमारी संस्कृति और मुद्रा संरक्षण का पवित्र क्षेत्र लांछित हो जाएगा। उन्होंने अपने विराट मुद्रा संग्रह को संग्रहालय के माध्यम से राष्ट्र को समर्पित करने का संकल्प भी दोहराया। मथुरा-वृंदावन के समन्वय सभागृह में गत 3 से 5 दिसम्बर तक आयोजित सम्मेलन में भारत सरकार के वरिष्ठ पुरातत्व अधिकारी और राष्ट्रीय संग्रहालय के महानिर्देशक विरासत संस्थान के कुलगुरू डॉ. बी.आर. मणि, उत्तरप्रदेश की पुरातत्व निर्देशक श्रीमती रेणु द्विवेदी, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. राजा रेड्डी तथा सम्मेलन के मुख्य अतिथि अमित कुमार उपाध्याय की मौजूदगी में आदित्य ने जब अपने ओजस्वी उदबोधन में मुद्रा संग्राहकों के बीच चल रही इन प्रवृत्तियों का उल्लेख किया तो पहले तो सभागृह में सन्नाटा छा गया और बाद में कुछ ही पलों में समूचा सभागृह करतल ध्वनि से गूंज उठा। उन्होंने कहा कि इन दिनों आम लोगों को भ्रामक प्रचार के जरिए कई तरह के प्रलोभन देकर सोशल मीडिया के माध्यम से गुमराह किया जा रहा है कि इतने साल पुराना नोट या करेंसी लेकर आएं तो इतने लाख रुपए मिलेंगे। इसी तरह प्राचीन सिक्कों और बादशाहों के समय की मुद्राओं को लेकर भी इस तरह का मिथ्या प्रचार किया जा रहा है। ऐसे अनेक हथकंडे अपनाने वाले लोग मुद्रा संग्रह के पवित्र क्षेत्र को लांछित कर रहे हैं। मुद्राओं के माध्यम से हम अपनी नई पौध को अपनी पौराणिक एवं तथ्यात्मक जानकारी देने में जुटे हैं, लेकिन पेशेवर लोग इस क्षेत्र को बदनाम कर रहे हैं। समय रहते इन्हें नहीं रोका गया तो यह पवित्र क्षेत्र लांछित हुए बिना नहीं रहेगा।

## सुगम यातायात पर अंतर विद्यालयीन वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित



इन्दौर यातायात को सुव्यवस्थित करने का एकमात्र हल सार्वजनिक वाहन विषय पर आरआरएमबी गुजराती उमावि द्वारा अंतर विद्यालयीन वाद- विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में आठ विद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया। छात्रों ने अपनी तर्क शक्ति एवं वाकपटुता से अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चेतन देसाई ने कहा कि सार्वजनिक परिवहन हमारे शहर के विकास के लिए जरूरी है। यह हमें सुरक्षित परिवहन प्रदान करता है।

इस अवसर पर जयेश पारिख, कांतिलाल भगत, प्राचार्य ज्योत्सना नागदे, चेयरमैन निलेश पटेल उपस्थित थे। निर्णायक प्रो. प्रतीक श्रीवास्तव और खेल समीक्षक डॉ. सुशीम पगारे थे। प्रतियोगिता में पक्ष में प्रथम स्थान पर प्रियम तिवारी, द्वितीय तन्विका काले, तृतीय जुझार सिंह रहे। विपक्ष में प्रथम शिरीन खान, द्वितीय नैतिक सिंह तंवर और तृतीय विवेक तिवारी रहे। रनिंग शील्ड न्यू पिंक फ्लावर विद्यालय को प्रदान की गई। कार्यक्रम की संयोजिका अनया कोटस्थाने थी।

## माउंट इंडेक्स इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव रामार्थ थीम पर आयोजित



इन्दौर एडिशनल कलेक्टर ज्योति शर्मा तथा सुरेश सिंह भदौरिया के मुख्य आतिथ्य में माउंट इंडेक्स इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव रामार्थ थीम पर आयोजित किया गया। जिसमें भगवान श्रीराम का जीवन संघर्षों से घिरा होने पर भी मर्यादित व आदर्श को स्थापित करने वाला रहा है उसी को दर्शाते हुए विद्यार्थियों ने प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र व सन्मार्ग की अवधारणा को नृत्य-नाटक के माध्यम से आधुनिक परिवार की पृष्ठभूमि पर प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख रुपेश वर्मा, प्रिंसिपल श्याम अग्रवाल व मौमिता चटर्जी ने अतिथियों का स्वागत किया।

## निःशुल्क नेत्र लेंस प्रत्यारोपण एवं मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविर आयोजित



इन्दौर जैन श्वेताम्बर सोश्यल ग्रुप सीनियर सिटीजन व चोइथराम नैत्रालय द्वारा सेन्ट ज्योति कान्वेंट हा.से. स्कूल नगीन नगर पर निःशुल्क नेत्र लेंस प्रत्यारोपण एवं मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविर आयोजित किया गया। शिविर संयोजक अनोखी लाल जैन ने बताया कि शिविर में 180 मरीजो ने लाभ लिया । 23 मरीजो का मोतियाबिंद आपरेशन हेतु चयन किया गया और 125 लोगों को नजर के चश्मे निशुल्क दिए गए। सभी के आपरेशन भी निशुल्क होगे । शिविर में सोश्यल ग्रुप के अध्यक्ष चन्द्र कुमार फतेपुरिया, दिनेश राणे का सराहनीय सहयोग रहा। शिविर में बड़ी संख्या जैन समाज के वरिष्ठजन उपस्थित थे।

## बिजली गुल

इन्दौर। बिजली विभाग द्वारा विगत एक सप्ताह से रोजाना बिजली गुल कर दी जाती है, जो कि कई-कई घंटों तक वापस आने का नाम ही नहीं लेती है। जिससे इलेक्ट्रानिक सामान व अन्य सामान भी कम-ज्यादा वोल्टेज के कारण खराब हो जाते है। बिजली विभाग इस और विशेषकर बार-बार व कम-ज्यादा वोल्टेज का ध्यान दे, जिससे उपभोक्ताओं को दुगनी हानि न उठाना पड़े।

# लखनऊ यूनिवर्सिटी में डॉ.निशा जोशी को मिला 'अवॉर्ड ऑफ़ एक्सीलेंस' सम्मान




लखनऊ विश्वविद्यालय में ÷योग और प्राकृतिक चिकित्सा का मांसपेशीय तंत्र पर प्रभाव÷ विषय पर 20वें राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देशभर से योग और प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र के विद्वानों और विशेषज्ञों ने भाग लिया। लखनऊ यूनिवर्सिटी के योग एवं अल्टीरनटिव फैकल्टी द्वारा आयोजित इस नेशनल सेमीनार में इंदौर की प्रसिद्ध योग गुरु डॉ. निशा जोशी को लखनऊ यूनिवर्सिटी की उप-कुलपति प्रो. मनुका खन्ना तथा भारतन्डे संस्कृति यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह के कर-कमलों द्वारा योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए 'अवार्ड ऑफ़ एक्सीलेंस' से सम्मानित किया। सेमिनार को-ऑर्डिनेटर डॉ.अमरजीत यादव रहे।

साथ ही 35 वर्ष से योग-नेचुरोपैथी में कार्य कर रहे डॉ. विनोद कश्यप को भी सम्मान प्रदान किया गया। साथ ही लखनऊ की वरिष्ठ नेचरोपैथ डॉ. शिखा गुप्ता को नेचरोपैथी में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए निशा जोशी योग अकादमी के द्वारा आयोजित ÷ग्लोबल प्राइड वुमेंस अवार्ड-24 का सम्मान उसी मंच पर प्रदान किया गया। योग और स्वास्थ्य के बीच संबंध को नई ऊंचाइयों पर ले जाते हुए डॉ. निशा जोशी ने हाल ही में आयोजित इस नेशनल सेमिनार में मांसपेशियों के स्वास्थ्य पर योग आसनों का चिकित्सीय प्रभाव विषय पर विचार प्रस्तुत करते हुए बताया कि नियमित योग आसन अभ्यास न केवल मांसपेशियों को मजबूत बनाता है, बल्कि उनमें रक्त प्रवाह को भी बेहतर करता है, जिससे शरीर के पुनरुत्थान और समग्र स्वास्थ्य में सुधार होता है। उन्होंने विभिन्न आसनों जैसे भुजंगासन, वज्रासन, और ताड़ासन को उदाहरणस्वरूप प्रस्तुत किया और उनके चिकित्सीय लाभों को विस्तार से समझाया।

उन्होंने यह भी कहा कि मांसपेशियों की जकड़न, कमजोरी, और तनाव जैसी समस्याओं को योग के माध्यम से कम किया जा सकता है। इस नेशनल सेमिनार की सफलता के लिए डॅा निशा जोशी ने डॉ.अमरजीत यादव को बधाई दी ।

# बांद्रा टर्मिनस और डॉ. अंबेडकर नगर के बीच चलेगी स्पे शल ट्रेन



पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा शीतकाल के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के लिए बांद्रा टर्मिनस और डॉ. अम्बेडकर नगर के बीच ट्रेन संख्या 09301/09302 बांद्रा टर्मिनस - डॉ. अंबेडकर नगर स्पेशल (द्वि-साप्ताहिक) विशेष किराये पर स्पे शल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में 7-7 फेरे चलेगी। ट्रेन संख्या 09301 बांद्रा टर्मिनस - डॉ. अंबेडकर नगर स्पेशल ट्रेन बांद्रा टर्मिनस से प्रत्येक गुरुवार और रविवार को 15.45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन रतलाम(02.45/02.55 बजे), नागदा(03.40/03.42 बजे), उज्जैरन(04.50/04.55 बजे), देवास(05.31/05.33 बजे) एवं इंदौर(06.50/07.00 बजे) होते हुए 07.30 बजे डॉ.अंबेडकर नगर पहुंचेगी। यह ट्रेन 12 दिसंबर 2024 से 2 जनवरी 2025 तक चलेगी । इसी तरह, ट्रेन संख्या 09302 डॉ. अम्बेडकर नगर- बान्द्रा टर्मिनस स्पेशल डॉ. अंबेडकर नगर से प्रत्येक बुधवार और शनिवार को 21.00 बजे प्रस्थान कर इंदौर(21.30/21.40 बजे), देवास(22.22/22.24 बजे), उज्जैनन(23.10/23.15 बजे), नागदा(00.10/00.12 गुरुवार एवं रविवार) एवं रतलाम(01.30/01.40) बजे होते हुए अगले दिन 12.30 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन 11 दिसंबर, 2024 से 1 जनवरी, 2025 तक चलेगी । यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, उधना, भरूच, वडोदरा, रतलाम, नागदा, उज्जैन, देवास और इंदौर स्टेशनों पर रुकेगी ।

इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकंड क्लास कोच होंगे। ट्रेन संख्या 09301 तथा 09302 की बुकिंग 9 दिसंबर 2024 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बस स्टैण्ड को 24 घन्टे में साफ व स्वच्छ बनायें : प्रहलाद पटेल

# महापौर प्रहलाद पटेल द्वारा सफाई व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण

## 33 सफाई मित्रों का 1 दिवस एक दिवस का वेतन काटा

**रतलाम।**

नगर को पूर्णत: स्वच्छ बनाने हेतु महापौर प्रहलाद पटेल द्वारा सफाई कार्य का आकस्मिक निरीक्षण जिसके तहत 7 दिसम्बर शनिवार को महू रोड स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बस स्टैण्ड का आकस्मिक निरीक्षण कर सफाई का कार्य संतोषप्रद नहीं पाये जाने पर अप्रसन्नता प्रकट कर तत्काल सफाई करवाये जाने के निर्देश संबंधित को देते हुए कहा कि कल फिर निरीक्षण किया जायेगा निरीक्षण के दौरान दिये गये निर्देश के तहत सफाई का कार्य नहीं पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। इसके अलावा श्री कालिका माता परिसर, महलवाड़ा व नजरबाग बैंक कॉलोनी का निरीक्षण कर प्रतिदिन कचरा उठवाने व नियमित सफाई के निर्देश दिये।



रतलाम नगर की सफाई व्यवस्था को ओर अधिक सुदृढ़ बनाये जाने हेतु महापौर प्रहलाद पटेल द्वारा सत्त निरीक्षण किया जाकर संबंधितों को निर्देषित किया कि जहां पर भी कचरा एवं गंदगी पाई गई तो संबंधितों के विरूद्ध निलंबन/सेवा से पृथक कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान विभिन्न वार्डो में बिना सूचना के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित 33 सफाई मित्रों का एक दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

निरीक्षण के दौरान महापौर प्रहलाद पटेल ने बताया कि रतलाम नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जायेगी। कार्य में लापरवाही बररतने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों के विरूद्ध निलंबन/सेवा से बर्खास्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

महापौर प्रहलाद पटेल ने निरीक्षण के दौरान नागरिकों से भी अपील की है कि वे अपने घर व दुकानों से निकलने वाले कचरे यहां-वंहा ना डालते हुए गीले एवं सूखे कचरे का स्त्रोत पर ही पृथक्कीकरण कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक भागों में डाले।

उन्होने कहा कि स्वच्छता हेतु नगर निगम तो अपना कार्य कर ही रही नागरिकों का भी कर्तव्य है कि वे भी स्वच्छता में अपना अमूल्य योगदान देवें। निगम आयुक्त हिमांशु भट्ट ने अमृत सागर क्षेत्र व विभिन्न वार्डो के सफाई कार्य का अवलोकन कर नियमित रूप से सफाई का कार्य करने के निर्देष संबंधितां को दिये।

निरीक्षण के दौरान बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित सफाई मित्र रामकन्याबाई-अर्जून, गिरिश-ओमप्रकाश, अंशुल-दिनेश, विशाल-प्रहलाद, सतीश-राजेन्द्र, लताबाई-राजेन्द्र, कमल-प्रकाश, भैय्यू-छोटेलाल, सुनील-शंकरलाल, गौरव-विजय, सुनील-मनोहर, गीताबाई-राजेश, सीताबाई-रामस्वरूप, शंकर-पुनाजी, विनय-किरण, संजीव-सुभाष, मायाबाई-इन्दु, सीमाबाई-रमेश, राधेश्याम-रामलाल, जितेन्द्र-भरत, साधना-विजय, विजय-प्रकाश, संगीता-मुकेश, कन्हैया-कमल, गुलाबबाई-रामु, श्यामाबाई-रमेश, दीपक-राजकुमार, इंदु-दिनेश, श्यामा-ओमप्रकाश, आशीष-राजेश, विजय-राजाराम, अमर-गोपाल व अजय-बसंत इस तरह 37 कर्मचारी बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। निरीक्षण के दौरान पार्षद प्रतिनिधि राजेश माहेश्वरी, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह व झोन प्रभारी उपस्थित थे।

## बांद्रा टर्मिनस और डॉ. अंबेडकर नगर के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

**रतलाम।**

पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा शीतकाल के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के लिए बांद्रा टर्मिनस और डॉ. अम्बेडकर नगर के बीच ट्रेन संख्या 09301/09302 बांद्रा टर्मिनस – डॉ. अंबेडकर नगर स्पेशल (द्वि–साप्ताहिक) विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में 7-7 फेरे चलेगी। ट्रेन संख्या 09301 बांद्रा टर्मिनस - डॉ. अंबेडकर नगर स्पेशल ट्रेन बांद्रा टर्मिनस से प्रत्येक गुरुवार और रविवार को 15.45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन रतलाम(02.45/02.55 बजे), नागदा(03. 0/03.42 बजे), उज्जैन(04.50/04.55 बजे), देवास(05.31/05.33 बजे) एवं इंदौर(06.50/07.00 बजे) होते हुए 07.30 बजे डॉ.अंबेडकर नगर पहुंचेगी। यह ट्रेन 12 दिसंबर 2024 से 2 जनवरी 2025 तक चलेगी ।

इसी तरह, ट्रेन संख्या 09302 डॉ. अम्बेडकर नगर-बान्द्रा टर्मिनस स्पेशल डॉ. अंबेडकर नगर से प्रत्येक बुधवार और शनिवार को 21.00 बजे प्रस्थान कर इंदौर (21.30/21.40 बजे), देवास(22.22/22.24 बजे), उज्जैन(23.10/23.15 बजे), नागदा(00.10/00.12 गुरूवार एवं रविवार) एवं रतलाम(01.30/01.40) बजे होते हुए अगले दिन 12.30 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी । यह ट्रेन 11 दिसंबर, 2024 से 1 जनवरी, 2025 तक चलेगी ।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, उधना, भरूच, वडोदरा, रतलाम, नागदा, उज्जैन, देवास और इंदौर स्टेशनों पर रुकेगी । इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकंड क्लास कोच होंगे। ट्रेन संख्या 09301 तथा 09302 की बुकिंग 9 दिसंबर 2024 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनों के ठहराव, समय और संरचना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री क ृ प य I www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

## सिल्वर इन कॉलोनी में होगा नवीन पेयजल टंकी का निर्माण



**रतलाम।** अमृत 2.0 के तहत नगर में बनने वाली 11 नवीन पेयजल टंकियो के तहत वार्ड क्रमांक 29 स्थित सिल्वर इन कॉलोनी में 5 लाख लीटर क्षमता की पेयजल टंकी के निर्माण कार्य का भूमि पूजन महापौर प्रहलाद पटेल ने क्षेत्रिय पार्षद परमानन्द योगी, क्षेत्रिय नागरिक व निगम अधिकारियों के साथ विधिवत् पूजा-अर्चना कर किया। इस अवसर पर महापौर प्रहलाद पटेल ने बताया कि नगर के नागरिकों को पर्याप्त मात्रा व दबाव से पेयजल उपलब्ध हो इस हेतु अमृत 2.0 योजना के तहत नगर में 11 पेयजल टंकियों का निर्माण किया जाना है जिसके तहत पहली टंकी के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया है। टंकी निर्माण के पश्चात् नागरिकों को पर्याप्त मात्रा व दबाव से पेयजल उपलब्ध होगा। भूमि पूजन के अवसर पर कार्यपालन यंत्री राहूल जाखड़, सहायक यंत्री सुहास पंडित, उपयंत्री ब्रजेश कुशवाह व क्षेत्रिय नागरिक उपस्थित थे।

## माणक चौक थाना अंतर्गत तीन नाबालिक बच्चों के साथ मारपीट करने वाले अन्य सह आरोपी को भी पुलिस ने अभिरक्षा में लिया

**रतलाम।** सोशल मीडिया पर तीन नाबालिक बच्चों के साथ मारपीट करने संबंधी एक वीडियो संज्ञान में आया जिसमें एक युवक तीन नाबालिक बच्चों के साथ मारपीट करता हुआ दिखाई दे रहा था। वायरल वीडियो एवं पीड़ित बालकों के बयान के आधार पर तत्काल थाना माणकचौक पर दो आरोपियों के विरुद्ध धारा 296, 115(2), 126(2), 351(2), 196 और 3 (5) क्चहस् के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। घटना को गंभीरता के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा तत्काल आरोपियों की पताराशी कर कड़ी वैधानिक कारवाई करने के निर्देश प्रदान किए गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा एवं नगर पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र घनघोरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी माणकचौक सुरेंद्र गडरिया के नेतृत्व में आरोपियों की पताराशि हेतु टीम का गठन किया। पुलिस टीम द्वारा पीड़ित बच्चों के बयान तथा वायरल वीडियो के आधार पर आरोपी की पहचान की गई। वीडियो में पीड़ित बच्चों के साथ मारपीट करते हुए दिखाई देने वाले आरोपी की पहचान 16 वर्षीय नाबालिक बालक के रूप में हुई, जिसे अभिरक्षा में लेकर बाल न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से आरोपी को बाल सुधार गृह भेजा गया। पूछताछ करने पर अन्य सह आरोपी 15 वर्षीय नाबालिक( वीडियो बनाने वाला) का नाम सामने आया जसे भी पुलिस अभिरक्षा में लेकर बाल न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। सराहनीय भूमिका ⁼ नगर पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र घनघोरिया, एसडीओपी किशोर पाटनवाला, थाना प्रभारी माणकचौक निरीक्षक सुरेंद्र गडरिया, सउनि शिवनाथ सिंह राठौर, प्र आर नारायण सिंह जादौन, प्र आर दिलीप सिंह, आर रणवीर सिंह भदौरिया की सराहनीय भूमिका रही।

## सबकी मदद से सेवा में रतलाम का नाम रोशन

**रतलाम।**

घर से बिछडी नागपुर निवासी महिला को घर पहुंचने के बाद विगत तीन दिन में तीन महिलाओं को शहर के विभिन्न समाजसेवी, जिला प्रशासन, अस्पताल प्रशासन के सहयोग से इलाज के बाद घर के लिए रवाना किया।



उक्त जानकारी देते हुए जिला रोगी कल्याण समिति सदस्य गोविंद काकानी ने बताया कि प्रथम प्रकरण मे महिला जिसे अपनों ने दुख दिया परंतु जिला प्रशासन के निर्देश पर गोविंद काकानी द्वारा जिम्मेदारी लेते हुए वन स्टाफ सेंटर में भर्ती प्रीति बंजारा उम्र 45 वर्ष निवासी दीनदयाल नगर, रतलाम को जिला चिकित्सालय आइसोलेशन वार्ड में भर्ती कराया गया। जिसके दोनों हाथ व पांव में फैक्चर होने पर दर्द से परेशान महिला को इलाज करवा कर गोपाल पाटीदार की एंबुलेंस से निशुल्क रेलवे स्टेशन भेजा गया। जहां पर जीआरपी पुलिस के आरिफ बैग की मदद से रेलवे कोच में अंदर तक पहुंचा गया। जहां से वे अपने मायके गोवर्धनपुरा इटावा राजस्थान के लिए रवाना हुई।

द्वितीय प्रकरण सुरेशी पति मनोज उम्र 40 वर्ष निवासी टोंक राजस्थान हाल मुकाम हुसैन टेकरी जावरा को कमजोरी की हालत में जिला चिकित्सालय आइसोलेशन वार्ड में भर्ती कराया। हीमोग्लोबिन मात्र 5 होने से मरीज को दो यूनिट ब्लड जिला चिकित्सालय से निशुल्क उपलब्ध करवाया एवं दवाइयां से ठीक होने से 7 दिन बाद जाते वक्त एक माह की दवा ताकत और विटामिन की दी गई।

तृतीय प्रकरण सेवंती पति राकेश बलाई उम्र 30 वर्ष निवासी पेटलावद जिला धार हाल मुकाम हुसैन टेकरी को नींद नहीं आना, कमजोरी एवं मनोरोगी की दशा में जिला चिकित्सालय आइसोलेशन वार्ड में भर्ती कराया। जिसे 7 दिनों में आयरन सुप्रोज, मल्टीविटामिन आदि दवाइयां से ठीक करके छुट्टी होने के पूर्व एक माह की दवाई विटामिन आयरन की गोलियां आदि प्रदान की गई।

काकानी सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के सचिव गोविंद काकानी, श्रीमती सुनीता काकानी, गोलू भैया, गोपाल पाटीदार ,जिला प्रशासन, अस्पताल प्रशासन एवं आरिफ बेग जीआरपी रतलाम का मरीजों ने हृदय से धन्यवाद अर्पित किया।

# जमाकर्ताओं के भुगतान को लेकर जावरा में 23 दिसंबर को निकलेगी भव्य रैली

## रविवार को शहर के पापुलर मैरिज गार्डन में हुई बैठक में बोले वीरेंद्रसिंह सोलंकी

**जावरा।** चिटफंड कंपनियों की ठगी से पीड़ित जनता की लड़ाई लड़ रहे जन आंदोलन संघर्ष न्याय मोर्चा द्वारा करोड़ों गरीब परिवारों के साथ हुई धोखाधडी के विरोध में फिर से जोर-शोर से सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ने के लिए रविवार को पापुलर मैरिज गार्डन हुसैन टेकरी बायपास पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में निर्णय लिया है।

जिसमें आगामी 23 दिसंबर को जावरा ताल नाका से एक भव्य रैली का आयोजन किया जाएगा जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई घंटाघर चौराहे पर पहुंचेगी जहां पर अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सोपा जाएगा।

प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने नगर के साथ आसपास क्षेत्र की पीड़ित जमाकर्ताओं से आह्वान किया है कि आप अपने सहारा इंडिया में जमा रुपए की जो ऑनलाइन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया था। उसका दावा पत्र की फोटो कॉपी लेकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस रैली में शामिल हो ताकि सरकार तक अपनी बात प्रमुखता से रखी जा सके। उन्होंने बताया कि गरीब जनता ने अपने मेहनत की एक-एक पाई जमा करके अपने बच्चों की शादी के लिए, पढ़ाई के लिए ,बीमारी में इलाज करवाने के लिए, समय पर काम आ जाए इसलिए जमा की थी किंतु आज तक उन्हें अपनी गाड़ी कमाई का पैसा नहीं मिला है।

केन्द्रीय मंत्री की घोषणा के बाद भी नहीं मिली राशि -पूर्व में न्याय मोर्चा के बैनर तले सरकार के खिलाफ जमकर आवाज उठाई थी इसका असर यह हुवा था की गृह मंत्री अमित शाह ने सीएससी पोर्टल लांच कर वादा किया कि अगले 45 दिनों के अंदर सभी जमाकर्ताओं के खाते में पैसे आना शुरू हो जाएंगे तथा अगले 9 माह में प्रथम किश्त के रूप में 10,000 प्रत्येक निवेशक को मिलेंगे तथा शेष राशी सहारा सेबी रिफंड पोर्टल पर आवेदक द्वारा दिए गए आवेदन अनुसार दिया जाएगा, केंद्रीय मंत्री शाह की घोषणा के बाद आमजनता में आशा कि एक किरण जागी थी परंतु इस घोषणा का असर सिर्फ इतना ही हुआ कि प्रबंधन पर दर्ज हजारों मुकदमों को पुलीस प्रशासन ने समाप्त कर दिया। यहां तक कि उपभोक्ता फोरम सहित जितने भी माध्यम पीड़ितों के लिए अपनी राशि वापस पाने के थे वे सभी रास्ते बंद हो गए और अमित शाह की घोषणा सिर्फ एक छलावा साबित हुई। डेढ़ साल बाद भी खाली है हाथ -सोंलकी ने बताया कि करीब डेढ़ साल से ज्यादा समय बीत चुका है और मंत्री जी द्वारा बताए अनुसार खाते में पैसे नहीं आ रहे हैं। पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर चुके लोगों के पास डेफिसियंसी के बगैर कारण बताए मैसेज आ रहे है। जमाकर्ता ने ऑनलाइन पोर्टल पर सारे दस्तावेज अपलोड किए तो फिर गलत कैसे हो सकते है यह बात समझ से परे है।

जिससे प्रतीत हो रहा है की जमाकर्ता को गुमराह किया जा रहा है बैठक में ये रहे उपस्थित - इस अवसर पर गिरजा शंकर दायम, मुकेश टांक, प्रकाश धाकड़, नाहर सिंह टांक, राजेंद्र सेठिया, राकेश जैन, निलेश गुप्ता, कृष्णकुमार शर्मा, भवरलाल बामता, रामगोपाल गेहलोत, रउफ कुरेशी, नासिर खान, इकबाल खान, दिनेश सैनी, जगदीश माली, विजय जाधव, जीवन दायम, वर्दीचंद धनोतिया, दिनेश राठौर, मुकुंद सोलंकी, भगवानदास बैरागी, विक्रमसिंह पंवार, दशरथ राठौर, दिलीप चौहान, शंकर परमार, रामेश्वर सोलंकी, मुकेश चंद्रावत, बबला भाई, मनोहरलाल सोनी, कैलाश कुमावत, पुरषोत्तम उपाध्याय, सुरेश जैन, प्रणय चत्तर, रेखा धाकड़, अभिषेक राठौर, संजय राठौर, मो,शरीफ, नाहरूलाल परमार आदि कार्यकर्ता और जमाकर्ता उपस्थित थे। संचालन गिरजा शंकर दायम ने किया। आभार प्रकाश धाकड़ ने माना।







# एसपी के निर्देश पर यातायात पुलिस ने बांटे हेलमेट और कार्ड

## सडक दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात नियमों के प्रति जागरुक करने किया आयोजन

**जावरा।** पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार के निर्देश पर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने तथा यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरुक करने रविवार को बस स्टेण्ड स्थित यातायात चौकी पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथि के रुप में सीएसपी दुर्गेश आर्मो, शहर थाना प्रभारी जितेन्द्रपालसिंह जादौन, औद्योगिक क्षैत्र थाना प्रभारी मुनेन्द्र गौतम मौजुद रहे। यातायात प्रभारी सुबेदार सोनु वाजपेयी ने बताया कि अभियान के तहत लोगों को दुपहिया वाहन पर सुरक्षा हेतु निःशुल्क हेलमेट वितरित किए गए साथ ही लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक रहने और उनका पालन करने की सलाह दी गई। इस दौरान रात्रि में ऑटो चलाने वाले ड्राईवरों को कार्ड भी प्रदान किए गए। आयोजन में यातायात चौकी स्टॉफ के साथ वाहन चालक, ऑटो व मिनीडोर चालक उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय पेंशनर-डे पर खेलकूद, सांस्कृतिक, हेल्थ चेक अप एवं स मेलन का आयोजन



**रतलाम।** 17 दिसंबर राष्ट्रीय पेंशन डे के अवसर पर सेंट्रल गवर्नमेंट एवं रेलवे पेंशनर एसोसिएशन तथा ऑल इंडिया रेलवे पेंशनर्स वेलफेयर फेडरेशन वेस्टर्न रेलवे रतलाम मंडल के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ।आयोजन को लेकर दो बत्ती स्थित निजी होटल में संगठन के अध्यक्ष प्रकाश व्यास वरिष्ठ सलाहकार सूश्री हंसी शिवानी, रामखेलावन कुमायूं, आई एल पुरोहित की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के अध्यक्ष प्रकाश व्यास ने बताया कि 15 दिसंबर रविवार को रेलवे खेल मैदान पर सुबह 9.30 बजे महिला पुरुष सेवानिवृत रेलकर्मियों की खेलकूद स्पर्धा होगी,16 दिसंबर सोमवार को सायंकाल 6 बजे जूनियर रेलवे इंस्टिट्यूट डाट की पूल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी, 17 दिसंबर मंगलवार को जूनियर रेलवे इंस्टिट्यूट पर प्रातः 9 से 11 मेडिकल हेल्थ चेकअप केंप एवं 11.30 बजे विशाल पेंशनर स मेलन का उद्घाटन होगा। इस अवसर पर कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया गया। कार्यक्रम को महिला समिति की अध्यक्ष प्रेमलता जैन सचिव जया शर्मा, खेलकूद सचिव एम ए खान राजा भैया सांस्कृतिक सहसचिव जगदीश श्रीवास्तव आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालक क युनिकेशन सेक्रेटरी देवेंद्र वर्मा एवं आभार प्रदर्शन संगठन के प्रवक्ता बृजपाल ने व्यक्त किया।

# सम्राट यशोधर्मन की प्रतीमा व विजय स्तंभ पर दीप प्रज्वलन कर नपा ने मनाया गौरव दिवस







**मंदसौर।** नगरपालिका परिषद मंदसौर के द्वारा विगत वर्षों के अनुसार इस वर्ष भी मंदसौर नगर का गौरव दिवस मनाने हेतु दो दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

गौरव दिवस के उपलक्ष्य में कल शनिवार को प्रथम दिवस गौरव दिवस की पूर्व संध्या पर सम्राट यशोधर्मन की कीर्ति को बताने वाले ग्राम सौंधनी के विजय स्तंभ परिसर में नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर के द्वारा दीप प्रज्जवलित किये गये। गौरव दिवस की पूर्व संध्या पर श्रीमती गुर्जर के द्वारा तेलिया तालाब पिकनिक स्पॉट पर स्थापित सम्राट यशोधर्मन की प्रतीमा के सामने भी दीप प्रज्वलित किये गये।

ग्राम सौंधनी स्थित विजय स्तंभ पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन के अवसर पर नपा सभापतिगण निलेश जैन, निर्मला नरेशचंदवानी, रमेश ग्वाला, दीपमाला रामेश्वर मकवाना, भावना जयप्रकाश पमनानी, पार्षदगण सुनीता नंदलाल गुजरिया, दीपक गाजवा, गोवर्धन कुमावत, आशीष गौड़, माया नीलमचंद भावसार, गरिमा हितेन्द्र भाटी, रेखा राजेश सोनी ऐरावाला, भाजपा महिला नेत्री श्रीमती निर्मला गुप्ता, भाजपा नेता अजीजुल्लाह खान, राजाराम तंवर, नपा मेला लिपिक राजेन्द्र नीमा, संजय खमेसरा के द्वारा भी दीप प्रज्जवलित किये गये। तेलिया तालाब पर सम्राटा यशोधर्मन की प्रतीमा के सामने नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर के नेतृत्व में नपा के जनप्रतिनिधयों व नगर के गणमान्य नागरिकों ने दीप प्रज्वलित किये। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती गरिमा भाटी, दीपक गाजवा, कौशल्या बंधवार, समाजसेवी गिरजाशंकर मिश्रा, नरेन्द्र बंधवार, नंदलाल गुजरिय, संजय फाफरिया, सुरेश सिसौदिया, दीपक जोशी, सुनील रील ने भी दीप प्रज्वलित किये।

राज्यसभा सांसद श्री गुर्जर ने भी दीप प्रज्वलित किये- राज्यसभा सांसद, भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर ने भी संजीत रोड़ स्थित महारानी लक्ष्मीबाई चौराहा पहुंचकर लक्ष्मीबाई की प्रतीमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित किये।

उनके साथ नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, , क्षेत्रीय पार्षदगण आशीष गौड़, सुनीता नंदलाल गुजरिया, पिंकी कमलेश सोनी, समाजसेवी कन्हैयालाल सोनगरा, पत्रकार कमलेश शर्मा सीतामऊ ने भी दीप प्रज्वलित किये। महापुरूषों की प्रतिमाओं के सम्मुख दीप प्रज्जवलित किये - मंदसौर नगर के गौरव दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार की शाम को सूर्यास्त के समय मंदसौर नगर पालिका परिषद के द्वारा महारानी लक्ष्मीबाई चौराहा के अलावा मंदसौर नगर में 12 अन्य स्थानों पर भी दीप प्रज्वलित किये गये।

## दशपुर रंगमंच ने ठंड से बचाव हेतु बच्चों को स्वेटर वितरित किये




**मन्दसौर।** दशपुर रंगमंच ने नालछा माता मंदिर के सामने स्थित प्राथमिक स्कूल में ठंड से बचाव हेतु बच्चों को स्वेटर वितरण किये गये। इस दौरान दशपुर रंगमंच के संस्थापक अभय मेहता ने बताया कि संगीत कार्यक्रम करते हुए हम सेवा प्रकल्प भी कर रहे है।

जैसे छात्रों को स्टेशनरी वितरण, स्वेटर वितरण, ड्राईंग कॉम्पीटीशन आदि प्रकल्प किये गये है। ललिता मेहता ने कहा कि भविष्य में हम सेवा प्रकल्पों की ओर बढ़ायेंगे। जैसे स्कूलों में नेत्र परीक्षण, दंत परीक्षण आदि शिविर लगाये जायेंगे। सतीश सोनी एवं स्नेहलता सोनी ने कहा कि बच्चों के बीच आकर अलौकिक आनन्द मिलता है। प्रधान शिक्षिका मंजू द्विवेदी ने दशपुर रंगमंच के सदस्यों का पुष्पमाला से स्वागत किया। इस दौरान संजय द्विवेदी ने भी उपस्थिति दर्ज कराई।

## स्पेस को स्टाइलिश बनाने वाली स्काईडेकोर लैमिनेट्स की नई रेंज लॉन्च

**इंदौर।** स्काईडेकोर लैमिनेट्स प्राइवेट लिमिटेड ने अपने लैमिनेट्स प्रोडक्ट्स की रेंज का विस्तार करते हुए, %डिजाइन मास्टर 1 एमएम+ डेकोरेटिव लैमिनेट्स% और %एक्रिलिश- वॉल्यूम 2% का शानदार लॉन्च, डीलरशिप मीट के दौरान इंदौर शहर में किया। नए लॉन्च किए गए डिजाइन्स यानि मास्टर 1 एमएम+ श्रृंखला में 300 से अधिक अद्वितीय डेकोरेटिव लैमिनेट्स शामिल हैं, जो किसी भी स्पेस को स्टाइलिश और शानदार लुक देते हैं। इसके अलावा, एक्रिलिश- वॉल्यूम 2, हाई-ग्लॉस लैमिनेट्स का नया संस्करण, 100त्न वर्जिन पीएमएमए के साथ बनाया गया है, जो सतह की स्थिरता और स्क्रैच रेजिस्टेंस की गारंटी देता है।

## जीवन की पहली पोलियो की खुराक पिलाई



– सीतामऊ। दो बूंद जिंदगी की अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीतामऊ पर अन्वीक्षा आशुतोष को अपने जीवन की पहली खुराक पोलियो बूथ पर जाकर पिलाई गई।

## ढाकनी गोली काण्ड के आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर भानपुरा में ज्ञापन सौंपा

**भानपुरा ( मंदसौर ) ।** तहसील गरोठ के ग्राम ढाकनी में विगत 6 दिसंबर की सुबह 9ः30 बजे सरकारी जमीन पर कब्जे के विवाद को लेकर मेघवाल समाज की महिला सुगना बाई पति बलराम मेघवाल की गोली मारकर हत्या कर दिए जाने एवं आरोपियों द्वारा मृतक महिला के पति, बेटे व अन्य पर जानलेवा हमला करने वाले सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर गंभीर अपराध के चलते आरोपियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग को लेकर नगर भानपुरा में मेघवाल समाज जनों द्वारा तहसील कार्यालय में नायब तहसीलदार भीम सिंह खराड़ी को म.प्र. के महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन सौंपने वालों में मेघवाल समाज भानपुरा के अध्यक्ष बापूलाल मेघवाल, नगर परिषद भानपुरा के पूर्व पार्षद नाथूलाल मेघवाल,कन्हैया लाल परिहार ,घनश्याम, बालाराम ,लक्ष्मीनारायण सहित अनेक समाजजन बड़ी संख्या में शामिल थे।

## अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस कार्निवल के रूप में मनाया गया

**इंदौर ।** रोटरी पाल हैरीश स्कूल ,इंदौर में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस 8 दिसंबर को कार्निवल के रूप में मनाया गया. पिछले 6 दिनों से यहां विभिन्न प्रतियोगिताएं चल रही थी, इसमें बौद्धिक दिव्यांग बच्चों ने बहुत बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया. इस अवसर पर आज फैंसी ड्रेस ओर डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कोई सेना का कैप्टन बना, कोई गणेश जी, कोई तोता , कोई भालू ,डाक्टर बने अनेक रूपों में बच्चों ने बड चढ कर भाग लिया और प्रस्तुति पेश की इस अवसर पर उनके माता-पिता भी मौजूद थे इस अवसर पर उनकी आंखों में आंसू भी आ गए यह देखकर कि दिव्यांग बच्चों ने इतनी अच्छी तरह से प्रस्तुति दे रहे हैं. इस अवसर पर चार छात्राओं को स्कूल जाने के लिये साईकिल भी प्रदान करी गई। यह कार्यक्रम रोटरी क्लब ऑफ इंदौर, इंदौर मार्शल ,इंदौर गैलेक्सी, इंदौर अहिल्या, इंदौर वैली, इंदौर अन्नपूर्णा, इंदौर होलकर, के तत्वावधान में हुआ. प्रस्तुति में विशेष सहयोग न्यू जी डी कॉलेज , किला मैदान, इंदौर की छात्रोंओ का रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया इस अवसर पर रोटरी क्लब इंदौर के अध्यक्ष सर्वज्ञ भटनागर जी, राकेश बमोरिया, संजय दीक्षित, चंद्रभान चंदवानी, मुकेश शाह आदि उपस्थित थे..

## पूरे भारतवर्ष की बेटियां मंदसौर के मैदान में खेलेगी हॉकी




**मंदसौर ।** स्कूल शिक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन के द्वारा 68वीं राष्ट्रीय शालेय हॉकी क्रीडा प्रतियोगिता (14 वर्ष से कम बालिका वर्ग) मंदसौर में आयोजित की जा रही है जिससे संबंधित जमीनी स्तर की सभी तैयारियां जैसे खेल मैदान, भोजन व्यवस्था, स्वास्थ्य व्यवस्था, आवास व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था को सभी संबंधित विभागों के समन्वय से जिला कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग के निर्देशन में जिला शिक्षा अधिकारी एवं प्रतियोगिता के सचिव श्री लोकेंद्र डाबी द्वारा अंतिम रूप दिया गया. जिला क्रीड़ा अधिकारी बंसीलाल बारीवाल ने बताया कि शनिवार शाम से ही विभिन्न राज्यों की हॉकी टीमों का आना प्रारंभ हो गया जिनकी आवास व्यवस्था तथा ठंड को देखते हुए गर्म पानी तथा अन्य सुविधाओं को भी ध्यान में रखकर छोटी से छोटी सुविधाओं का प्रबंध किया गया है. श्रीमती टेरेसा मिन्ज, श्रीमती विनीता प्रधान, सहायक संचालक श्री आनंद डावर, श्री केसी सोलंकी, श्री सुदीप दास, श्रीमती सुनीता गोधा, श्रीमती अलका अग्रवाल, श्री दिनेश जैन,श्रीमती ममता मोदी, श्री आशीष बंसल, श्री राकेश कुमार पुरोहित, श्री अशोक शर्मा, श्री राहुल शर्मा तथा विभिन्न समितियां के सदस्य अपने-अपने दायित्वों को पूर्ण कर रहे हैं. 9 दिसंबर सोमवार को सायं 5ः00 बजे नूतन स्टेडियम ग्राउंड में प्रतियोगिता का मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, गणमान्य नागरिक पत्रकार साथियों, अधिकारी, कर्मचारी, विभिन्न खेल संघो के पदाधिकारी, खिलाड़ियों की उपस्थिति में विधिवत शुभारंभ होगा. खेल के इस राष्ट्रीय आयोजन में सभी सादर आमंत्रित हैं. उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी श्री हेमंत सुथार एवं श्री मुकेश जैन द्वारा दी गई

## फैन्स की भीड़ ने अदा शर्मा को घेरा



अदा शर्मा, अपनी अगली फिल्म तुमको मेरी कसम के लिए उदयपुर में हैं। यह फिल्म 70 के दशक पर आधारित एक पीरियड फिल्म है। अदा उदयपुर के मीरा गर्ल्स कॉलेज में शूटिंग कर रही थी और छात्र अपने उत्साह को नियंत्रित नहीं कर सके। वे शूटिंग के बीच में फ्रेम में भागते रहे और वीडियो और तस्वीरें लेते रहे। अदा कहती हैं, ÷यह वास्तव में मीठा था। लड़कियां सिर्फ तस्वीरें लेना चाहती थीं और मुझे द केरल स्टोरी देखते हुए अपने अनुभव के बारे में सब कुछ बताना चाहती थीं। मैंने उन्हें कक्षा छोड़ने और ऊपर जाकर पढ़ाई करने के लिए नहीं कहा। उन्होंने वादा किया कि वे शूटिंग देखने के बाद करेंगे। वे सभी वास्तव में उत्साहित थे।

## रेखा ने अपनी लाइफ के मिस्ट्री मैन का किया जिक्र



अर्चना पूरन सिंह ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने बचपन के किस्से और रेखा के साथ मेकअप रूम का किस्सा शेयर किया। उन्होंने कहा, मेरे लिए रेखा जी के साथ काम करना मेरे बचपन का सपना पूरा होने जैसा था। हाल ही में रेखा ने द ग्रेट इंडियन कपिल शो में शिरकत की थी। जिसके बाद अर्चना पूरन सिंह ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट शेयर की।

## नोरा फतेही ने मजेदार क्लिप साझा की



ग्लोबल सेंसेशन नोरा फतेही का हाल ही में गायक और रैपर करण औजला के साथ म्यूजिक वीडियो आए हाए हर जगह दिल जीत रहा है। रिलीज के बाद से ही इस ट्रैक को प्रशंसकों से अपार प्यार मिला है। नोरा ने अपने सोशल मीडिया पर पर्दे के पीछे की एक रील साझा की, जिसमें प्रशंसकों को सेट पर मौज-मस्ती की झलक दिखाई गई। वीडियो में, नोरा को करण औजला के साथ एक हल्का-फुल्का मस्ती का पल साझा करते हुए देखा जा सकता है, जहां वह पंजाबी में बोलती है, अपना चंचल पक्ष दिखाती है। दोनों के पंजाबी तालमेल ने बीटीएस क्लिप में एक अनूठा आकर्षण जोड़ा, जिससे प्रशंसकों का मनोरंजन हुआ और वे और अधिक की इच्छा कर रहे हैं। वीडियो को कैप्शन देते हुए नोरा ने लिखा, क्या यह भी कोई सवाल है..हम तैयार ही पैदा हुए हैं! करण औजला आए हाय बीटीएस, अभी हमारा नया म्यूजिक वीडियो देखें!



## यह मंच मेरे लिए एक पूरे सर्किल की तरह है

रियलिटी शो, इंडियन आइडल सीजन 15 प्रसिद्ध सिंगर विशाल मिश्रा को समर्पित शानदार एपिसोड दिया। विशाल मिश्रा के जन्मदिन को सेलिब्रेट करने के लिए, जज - श्रेया घोषाल, विशाल ददलानी और बादशाह के साथ ही प्रतियोगियों ने साथ मिलकर एक स्पेशल सेलिब्रेशन का आयोजन किया। विशाल मिश्रा के फैन के रूप में, प्रियांग्शु का परफ़ॉर्मेंस उनकी पसंद और प्रतिभा का प्रमाण था। जज बादशाह ने विशाल मिश्रा के प्रति प्रियांग्शु की पसंद और समर्पण पर चर्चा करते हुए कहा, यह परफ़ॉर्मेंस सुंदर था और मेरी आंखों में आंसू आ गए, खासकर इसलिए क्योंकि विशाल यहां हैं। यह किसी कम्प्लीट पिक्चर की तरह लगा। आप इसी पल का इंतज़ार कर रहे थे। प्रियांग्शु को गाते हुए सुनने के बाद, विशाल मिश्रा स्टेज पर गए और प्रियांग्शु को गले लगाकर कहा, अगर आप उनको पहले मिल जाते, तो वे आपसे यह गाना गाने के लिए कहते। , शो के मेज़बान, आदित्य नारायण ने विशाल मिश्रा को एक सरप्राइज़ दिया। एक वीडियो चलाया गया, जिसमें विशाल के इंडियन आइडल के ऑडिशन के दिनों से लेकर, जहां वह थिएटर राउंड के दौरान बाहर हो गए थे, एक प्रसिद्ध गायक के रूप में उनकी मौजूदा सफलता तक के सफर को दिखाया गया। वीडियो देखकर, विशाल और वहां मौजूद सभी लोग भावुक हो गए, और उन्होंने कहा, मैं उन्नाव से हूं, और जब हम ऑडिशन के लिए आए थे, तो मुझे इंडियन आइडल को लेकर बहुत जुनून था, लेकिन मुझे परिवार का ज़्यादा समर्थन नहीं मिला था। मेरे माता-पिता चाहते थे कि मैं कुछ अलग करूं। छोटे शहरों में, सपने देखने के लिए भी अनुमति चाहिए होती है, और मैं बड़े सपने देख रहा था। यह मंच मेरे लिए एक पूरे सर्किल की तरह है।, बादशाह ने देखा कि हर कोई रो रहा है, इसलिए उन्होंने माहौल को हल्का बनाते हुए कुछ जोक्स सुनाए और सभी के चेहरों पर मुस्कान लाई।

## मिशन इम्पॉसिबल: घोस्ट प्रोटोकॉल की 13वीं वर्षगांठ



अनिल कपूर को हमेशा ऐसी फिल्में देने की आदत रही है जो स्थायी प्रभाव वाली सार्थक कहानियां कहती हैं। ऐसे ही एक प्रोजेक्ट मिशन इम्पॉसिबल: घोस्ट प्रोटोकॉल को रिलीज हुए 13 साल पूरे हो गए हैं। इस मील के पत्थर का जश्न मनाने के लिए, मेगास्टार ने अपनी सोशल मीडिया का सहारा लिया और पर्दे के पीछे की कुछ तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, 13 साल पहले, मिशन: इम्पॉसिबल - घोस्ट प्रोटोकॉल एक पावरहाउस कास्ट और अविस्मरणीय क्षणों को एक साथ लाया था। फिल्म में, कपूर ने एक भारतीय मीडिया टाइकून ब्रिज नाथ की भूमिका निभाई, जो मिसाइल लॉन्च करने की शक्ति के साथ उपग्रह कोड को नियंत्रित करता था। उनका किरदार कहानी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया क्योंकि टॉम क्रूज़ के किरदार, ईथन हंट को अपनी योजनाओं को उनके योजनाओं को रोककर ओवरराइड कोड्स को पुनः प्राप्त करना था।

## रीत और राघव ने लिया बप्पा का आशीर्वाद



शो 'जाने अनजाने हम मिले' की दिलचस्प कहानी के साथ रीत और राघव के किरदारों की केमिस्ट्री ने सभी का ध्यान खींचा है। भरत अहलावत और आयुषी खुराना द्वारा निभाए गए ये किरदार अपने 'लव-हेट' रिलेशन के चलते दर्शकों की पसंदीदा जोड़ी बन गए हैं। रीत और राघव अपने-अपने भाई-बहन के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए 'आटा-साटा' नामक अनोखी शादी की प्रथा में बंध जाएंगे। इस नए सफर की शुरुआत को खास बनाने के लिए हाल ही में रीत और राघव ने सिद्धिविनायक मंदिर में बप्पा के चरणों में अपनी शादी का कार्ड चढ़ाकर उनका आशीर्वाद मांगा। भरत अहलावत ने कहा, ''हमने श्रद्धा और भक्ति के साथ बप्पा के चरणों में अपनी शादी का कार्ड रखा। हम बप्पा से अपने शो की सफलता और दर्शकों के प्यार और समर्थन की कामना करते हैं। आयुषी खुराना ने कहा, ''हम सिद्धिविनायक मंदिर में रीत और राघव की शादी का कार्ड बप्पा के चरणों में रखने और हमारे शो के लिए आशीर्वाद मांगने गए थे।

# रिजर्व बैंक की नई मौद्रिक नीति से बैंक डिपॉजिटरों का जोखिम बढ़ा

भारतीय रिजर्व बैंक की नई मौद्रिक नीति ने देश में नई बहस छेड़ दी है। क्या यह नीति देश की आर्थिक सेहत सुधारने की दिशा में सहायक होगी, या कॉरपोरेट जगत के बड़े खिलाड़ियों को फायदा पहुंचाएगी? रिजर्व बैंक ने बैंकों का कैश रिजर्व रेशो 4.5 फीसदी से घटाकर 4 फीसदी करने का निर्णय किया है। देखने में यह साधारण लगता है, लेकिन इसके गहरे आर्थिक और सामाजिक प्रभाव होंगे। इसका सबसे ज्यादा असर बैंक के उन ग्राहकों पर पड़ेगा, जो बैंक में डिपॉजिट रखते हैं।





बैंक में रखा पैसा अब उनके लिए जोखिम बढ़ गया है। सीआरआर वह न्यूनतम राशि है, जिसे बैंकों को अपने पास रखना होता है। किसी आकस्मिक परिस्थिति में जमाकर्ताओं को उनकी धनराशि लौटाई जा सके। इस रेशो को घटाने से बैंकों को 1 लाख करोड़ रुपये अतिरिक्त मिलेंगे जिससे वह ग्राहकों को लोन देने या उनकी जमा राशि वापस देने में इस्तेमाल कर सकेंगे। सवाल यह है कि बैंकों की सुरक्षित राशि में जमा यह पैसा कहां जाएगा? आँकड़ों से स्पष्ट है कि बैंकों का अधिकांश उधार कॉरपोरेट सेक्टर के पास विभिन्न माध्यमों से दिया जाता है। ज

बकि छोटे लघु उद्योग, छोटे दुकानदारों, कृषि और रिटेल सेक्टर को कॉर्पोरेट के मुकाबले बेहद कम लाभ बैंकों से मिलता है। जनता का पैसा, कॉरपोरेट तक पहुंचाने के लिए रिजर्व बैंक ने यह निर्णय लिया है, यह स्पष्ट रूप से समझ में आता है। मुख्यतः यह निर्णय बड़े उद्योगपतियों के लिए फायदेमंद है। अडानी समूह के ऊपर पहले से ही 2.4 लाख करोड़ रुपये का बैंक कर्ज है, इस छूट का सबसे बड़ा लाभार्थी अडानी समूह हो सकता है। शेयर बाजार को गिरने से रोकने के लिए म्यूचुअल फंड ने हजारों करोड़ों रुपए कॉर्पोरेट के शेयर में निवेश किए हैं। बैंकों का बहुत बड़ा निवेश शेयर बाजार में है। पिछले कुछ वर्षों में बैंकिंग क्षेत्र में कॉरपोरेट्स पर कर्ज बढ़ा है। जबकि अन्य वर्ग को बैंक ने बहुत कम पैसा कर्ज के रूप में दिया है। बैंकों में जनता जमा कम कर रही है, बैंकों में जमा डिपॉजिट निकाल रही है। जनता का जो पैसा बैंकों में जमा होता था वह अब सीधे शेयर बाजार में निवेश हो रहा है। जिसके कारण बैंकों के पास कर्ज और डिपाजिट वापस करने के लिए नगद राशि उपलब्ध नहीं है।

यदि कॉरपोरेट कर्ज चुकाने में विफल होते हैं। तो इसका सीधा असर बैंकों की आर्थिक स्थिति पर पड़ेगा। बैंक दिवालिया भी हो सकते हैं। रिजर्व बैंक की नई मौद्रिक नीति का असर आम जनता पर कई तरह से पड़ना तय है। आरबीआई ने स्वयं स्वीकार किया है, कि आने वाले समय में महंगाई और भी बढ़ेगी। सीधे तौर पर आम आदमी की क्रय शक्ति कम होगी। इसका असर बाजार पर भी पड़ेगा। बैंकों का जोखिम दिनों-दिन बढ़ रहा है। बैंकों के पास जमाकर्ताओं का पैसा पहले की तुलना में कम हो रहा है। बैंकों की स्थिति और कमजोर होती है, तो इसका खामियाजा जिनका पैसा बैंकों में जमा है उन्हें ही भुगतना पड़ेगा। आरबीआई का तर्क है, बाजार में अतिरिक्त पैसा आने से उत्पादन बढ़ेगा, नये रोजगार सृजित होंगे। लेकिन इसकी संभावना 10 फ़ीसदी भी नहीं है।

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति का लाभ बड़े कॉरपोरेट्स के पास जाएगा। इसका लाभ आम लोगों तक पहुंचने की संभावना बहुत कम है। शेयर बाजार में जिस तरीके की उथल-पुथल मची हुई है, केंद्र सरकार जिस तरह से अडानी को बचाने में लगी हुई है, ऐसी स्थिति में नई मौद्रिक नीति का लाभ अडानी समूह को मिलना तय है। वहीं बैंक के आम निवेशकों का जोखिम इस रिजर्व बैंक की नई नीति से और भी बढ़ गया है।

रिजर्व बैंक की नई मौद्रिक नीति अर्थव्यवस्था को पटरी पर नहीं ला सकती है। सरकारी नीतियों का अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर पड़ता है। सरकार बैंकों में जमा धन को सही दिशा में उपयोग करने का ढांचा नहीं बना रही है। सरकार, रिज़र्व बैंक, सरकारी बैंक और सेबी की भूमिका केवल बड़े कॉरपोरेट के हितों को ध्यान में रखते हुए नीतियां बना रही है। पिछले 10 साल के अनुभव से यह प्रमाणित होता है। वर्तमान स्थिति में जनता को अपनी बचत को सुरक्षित करने के लिए सतर्क रहना होगा।

बैंकों के बजाय जमाकर्ता को डाकघर और सोने जैसे सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर ध्यान देने की जरूरत है। आम जनता को सरकार और आरबीआई से पारदर्शिता की मांग कर यह सुनिश्चित करना होगा कि सरकार और रिजर्व बैंक की प्रत्येक नीति समाज के हर वर्ग के लिए समान रूप से फायदेमंद हों। जब तक जनता अपने अधिकारों के प्रति सचेत नहीं होगी, तब तक यूं ही लुटती रहेगी। ऐसी स्थिति में बैंक में जमा धन अब सुरक्षित नहीं रह गया है। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति को आर्थिक दृष्टि से नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक दृष्टिकोण से भी देखने की जरूरत है। सरकार और आरबीआई का दायित्व है, नीतियां केवल कॉरपोरेट्स के लिए नहीं, वरन आम जनता को समान रूप से लाभ पहुंचाने वाली होनी चाहिए। अभी जो सरकार की और रिजर्व बैंक की नीतियां हैं वह केवल कॉरपोरेट जगत को लाभ पहुंचा रही हैं। आम आदमी जिसमें गरीब और मध्यम वर्ग भी है वह लगातार वर्तमान आर्थिक नीतियों के कारण प्रताड़ित हो रहा है। उसे टैक्स भी सबसे ज्यादा देना पड़ रहा है।

सबसे ज्यादा शुल्क उसी से वसूल किया जा रहे है। दिनों दिन महंगाई बढ़ती जा रही है। मध्यम वर्ग और गरीबों के ऊपर कर्ज बढ़ता चला जा रहा है। उसका दैनिक जीवन दुश्वारियों से गुजर रहा है। ऐसी स्थिति में जनता को भी अपनी लड़ाई लड़ने के लिए सड़कों पर आना पड़ेगा। शेयर बाजार और बैंकों में रखा हुआ धन अब सुरक्षित नहीं रहा। यह बात आम जनता को ही समझनी होगी।

**सनत जैन**

# केजरीवाल झुकेगा नहीं, आप का भाजपा पर पुष्पा वाला पलटवार

**नई दिल्ली। दिल्ली में विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा जहां अपने पोस्टरों में 'आप' के घोटालों को उजागर करने में जुटी है। वहीं 'आप' ने भी 'पुष्पा' स्टाइल में भाजपा पर पलटवार कर घेरना शुरू कर दिया है।**

भाजपा ने एक पोस्टर जारी कर 'आप' सरकार के कथित घोटालों का जिक्र किया। इस पोस्टर में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के फोटो भी लगाया गया है। इसके कैप्शन में 'केजरीवाल के घोटालों का मकड़जाल' के साथ शराब, मोहल्ला क्लीनिक, हवाला, सिक्योरिटी, राशन, पैनिक बटन, शीशमहल, दवाई, दिल्ली जल बोर्ड, क्लासरूम और सीसीटीवी घोटालों को दर्शाया गया है।

वहीं, इसके जवाब में आम आदमी पार्टी ने भी अपने पोस्टरों में दिल्ली की कानून व्यवस्था को लेकर केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा को घेरना शुरू कर दिया है। वहीं एक अन्य पोस्टर में 'आप' ने अरविंद केजरीवाल के हाथ झाड़ू दिखाते हुए 'पुष्पा' स्टाइल में फिर आ रहा है केजरीवाल कहते हुए भाजपा पर पलटवार किया है। इस फोटो के कैप्शन में 'केजरीवाल झुकेगा नहीं', केजरीवाल 4 टर्म कमिंग सून लिखा गया है।

इसके बाद भाजपा के नारे पर व्यंग्यात्मक टिप्पणी करते हुए 'आप' प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि विपक्षी पार्टी का 'बदल के रहेंगे' नारा दर्शाता है कि वह दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा किए गए सभी कार्यों को रोकना चाहती है।

केजरीवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, उन्होंने आज आधिकारिक तौर पर घोषणा की है कि वे सब कुछ बदल देंगे।



इसका मतलब है कि 24 घंटे बिजली आपूर्ति बंद हो जाएगी और हजारों रुपये के बिल के साथ लंबी बिजली कटौती होगी, महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा बंद हो जाएगी, सभी स्कूल बर्बाद हो जाएंगे, मोहल्ला क्लीनिक बंद हो जाएंगे और मुफ्त दवाइयां और इलाज भी बंद हो जाएगा।

# चाचा नीतीश से नहीं संभल रहा बिहार, उन्हें पता नहीं क्या हो रहा

## तेजस्वी ने सीएम पर साधा निशाना, लेकिन ममता के सवाल पर कुछ नहीं बोले

पटना। बीपीएससी अभ्यर्थियों पर हुए लाठीचार्ज को राजद नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने छात्रों के भविष्य संग खिलवाड़ बताया है। तेजस्वी के मुताबिक बिहार में अफसरशाही चरम पर है। प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा, देखिए लाठीचार्ज हुआ है और यह लाठी डंडे वाली सरकार है। अफसरशाही पूरे चरम पर है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार होश में नहीं हैं। नहीं जानते बिहार में क्या हो रहा है। सच यह है कि चाचा नीतिश से बिहार चल नहीं पा रहा है। लगातार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। तेजस्वी ने पूछा कि मुख्यमंत्री बताएं कि सर्वर डाउन होने की वजह से जो युवा परेशान हैं, लाखों अभ्यर्थियों जो फॉर्म नहीं भर सके हैं। इसके लिए दोषी छात्र-छात्राएं नहीं हैं। बिहार सरकार को छात्रों को मौका देना चाहिए। सर्वर को एक-दो दिन के लिए खोल देना चाहिए। जिससे लाखों छात्र फॉर्म भर सकें। इंडिया ब्लॉक का नेतृत्व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी करना चाहती हैं। जब इस बारे में तेजस्वी से प्रतिक्रिया मांगी गई, तब उन्होंने कहा अभी इस पर जवाब नहीं दूंगा। बता दें कि 6 दिसंबर को पटना में बीपीएससी के सामने विरोध प्रदर्शन करने वाले छात्रों को तितर बितर करने के लिए लाठीचार्ज हुआ था। इसके बाद तेजस्वी ने सीएम नीतीश पर तंज कसते हुए कहा था कि राजनीति से रिटायर होने की उम्र है वे पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं तथा नौकरी की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों पर लाठियां चलवा रहे है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com